# LEGISLATIVE ASSEMBLY
# NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI
## Bulletin Part-I
### (Brief summary of proceedings)
### Tuesday, 27 November 2018 / 06 Margshirsha 1940 (*Saka*)

**No. 92**
**02.30 PM**

**Sh. Ram Niwas Goel, Hon'ble Speaker in-Chair**

1. 2.31 PM As the House assembled, Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition, Sh. Om Prakash Sharma and Sh. Jagdish Pradhan sought to know about the fate of the Notices given by them under Rule-54 (Calling Attention) and Rule-59 (Adjournment Motion).

The Chair stated that as informed by him on the previous day, the matters listed in List of Business were listed with his due approval and requested the Members to personally discuss with him instead of raising objections in House and disturbing the proceedings.

He further stated that he was not allowing any Notice received from Hon'ble Members except the business listed for the day.

***(2:34 PM** Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition, Shri Jagdish Pradhan and Shri Om Prakash Sharma walked out from the House in the protest)*

2. 2.34 PM **Short Duration Discussion (Rule-55)** :

**Shri Pankaj Pushkar** initiated discussion on "*the situation arising out of alleged illegal deletion of names of lakhs of voters from the Voter Lists in Delhi*".

***(2:47 PM :** Members of BJP came back in the House.)*

The following Members participated in the Discussion :

1. Sh. Sahi Ram
2. Sh. Jitender Singh Tomar
3. Sh. Rituraj Govind
4. Sh. Anil Kumar Bajpai
5. Ms. Pramila Tokas
6. Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition
7. Sh. Rajesh Gupta
8. Sh. Mohinder Goyal
9. Sh. Ajay Dutt
10. Ms. Alka Lamba

3. 3.52 PM **Sh. Saurabh Bharadwaj** moved the following Resolution with the leave of the House :

*"The Legislative Assembly of NCT of Delhi having its sitting in Delhi on 27 November 2018:*

*Taking into consideration the fact that lakhs of names have been deleted from the voter list in Delhi. There have been instances where person staying at the same address or in the same locality has been deleted from the voter list without any due procedure. The officers of Chief Electoral Office (CEO), GNCT of Delhi have suo-moto deleted thousands of voters in each Assembly Constituency of Delhi without following the prescribed procedure or due process of law.*

*The names have been deleted to favour a Political Party which has Government at the Center. Several attempts have been made by Elected Members of the Legislative Assembly, NCT of Delhi to approach CEO, Delhi but however, no prompt corrective action has been taken to add the voters who have been illegally deleted from the voters list.*

*This House resolves that this is a serious matter and directs the CEO, Delhi to put the complete list of voters that have been deleted after February, 2015 Delhi Assembly Election on its website. A physical copy and a digital copy of list of all such deleted voters should be provided to all recognized Political Parties of Delhi.*

*The House further resolves that the CEO should also immediately conduct a door to door survey along with representatives from all recognized Political Parties in order to ascertain the veracity of all deleted voters. This process should be videographed by the Office of CEO, Delhi. Those voters who were found genuine and have been wrongfully deleted should be immediately restored without the need of filing any fresh forms or any further verifications and without the need of issuance of fresh voter cards. This exercise should be completed in such a time that genuine voters are restored in the concerned voter lists before Lok Sabha Election, 2019.*

*The House also resolves that the Delhi Government should conduct inquiries into all deleted voters who are subsequently found genuine and fix the responsibility of the erring officials and submit a report before this House within a period of three months."*

Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition moved amendments in the aforesaid Resolution.

Shri Somnath Bharti also participated in the Discussion.

**Sh. Imran Hussain, Hon'ble Minister of Election** replied to the discussion

The amendements moved by Sh. Vijender Gupta, Hon'ble Leader of Opposition were put to vote and negated.

The Resolution moved by Sh. Saurabh Bharadwaj put to vote and adopted by voice-vote.

| | | |
|---|---|---|
| 4. | 4.20 PM | **Sh. Satyendar Jain, Hon'ble Minister of Home** informed the House that he had been acquitted in a false election related case foisted on him. |
| 5. | 4.21 PM | The Chair expressed thanks to the Chief Minister, Deputy Chief Minister, Leader of Opposition, all the Members of the House and other agencies for their co-operation in smooth conduct of the Session. |
| 6. | 4.23 PM | ***National Anthem – Jan-Gan-Man***<br>**The Chair adjourned the House *sine-die.*** |

**Delhi**
**27th November, 2018**

**C. Velmurugan**
**Secretary**

# विधान सभा
# राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली
# समाचार भाग–1
# (कार्यवाही का संक्षिप्त अभिलेख)
## मंगलवार, 27 नवम्बर, 2018 / 06 मार्गषीर्ष, 1940 (शक)

संख्या–92

**2.30 बजे** **श्री रामनिवास गोयल, माननीय अध्यक्ष पीठासीन हुए।**

**1.** 2.31 बजे जैसे ही सदन समवेत हुआ, श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री ओमप्रकाश शर्मा तथा श्री जगदीश प्रधान ने उनके द्वारा नियम–54 (ध्यानाकर्षण) तथा नियम–59 (कार्य स्थगन प्रस्ताव) के अंतर्गत दी गई सूचनाओं के बारे में जानना चाहा।

अध्यक्ष महोदय ने कहा कि जैसा कि उन्होंने कल भी बताया था, कार्यसूची में सूचीबद्ध विषय उनकी अनुमति के बाद ही सूचीबद्ध किये जाते हैं और उन्होंने सदस्यों से अनुरोध किया कि वे सदन में आपत्तियां प्रकट करने और कार्यवाही बाधित करने की बजाय उनसे व्यक्तिगत रूप से चर्चा कर लें।

उन्होंने यह भी कहा कि वे आज सूचीबद्ध कार्य के अलावा, माननीय सदस्यों से प्राप्त किसी सूचना को अनुमति नहीं देंगे।

*(**2.34 बजे** : श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष, श्री जगदीश प्रधान तथा श्री ओमप्रकाश शर्मा ने विरोधस्वरूप सदन से बहिर्गमन किया।)*

**2.** 2.34 बजे **अल्पकालिक चर्चा (नियम–55):**

**श्री पंकज पुष्कर** ने *"दिल्ली में मतदाता सूचियों से लाखों मतदाताओं के नाम कथित रूप से अवैध तरीके से हटाये जाने से उत्पन्न स्थिति"* के संबंध में चर्चा प्रारम्भ की।

*(**2.47 बजे** : भारतीय जनता पार्टी के सदस्य सदन में वापिस आ गये।)*

निम्नलिखित सदस्यों ने चर्चा में भाग लिया :

1. श्री सही राम
2. श्री जितेन्द्र सिंह तोमर
3. श्री रितु राज गोविंद
4. श्री अनिल कुमार बाजपेयी
5. श्रीमती प्रमिला टोकस
6. श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष
7. श्री राजेश गुप्ता
8. श्री महेन्द्र गोयल
9. श्री अजय दत्त
10. सुश्री अलका लाम्बा

**3.** 3.52 बजे **श्री सौरभ भारद्वाज** ने सदन की अनुमति से निम्नलिखित संकल्प प्रस्तुत किया :–

*"राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा दिनांक 27 नवम्बर, 2018 को आयोजित अपनी बैठक में इस तथ्य पर विचार करते हुए कि दिल्ली में मतदाता सूचियों से लाखों नाम हटाये गये हैं। इस तरह के उदाहरण हैं कि जहां समान पते या समान स्थान पर रहने वाले व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से किसी उचित प्रक्रिया के बिना हटाया गया है। मुख्य निर्वाचन कार्यालय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली के अधिकारियों ने स्व–विवेक से निर्धारित प्रक्रिया या समुचित कानूनी प्रक्रिया का पालन किये बिना ही दिल्ली के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में हजारों मतदाताओं को हटा दिया है।*

*ये नाम ऐसे राजनीतिक दल को फायदा पहुंचाने के लिए हटाये गये हैं, जिसकी केन्द्र में सरकार है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली की विधानसभा के सदस्यों ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी से सम्पर्क करने के अनेक प्रयास किये लेकिन उन मतदाताओं को शामिल करने के लिए तत्काल कोई सुधारात्मक कार्यवाही नहीं की गई, जिनको मतदाता सूचियों से अवैध ढंग से हटाया गया है। यह सदन संकल्प करता है कि यह गम्भीर मामला है तथा मुख्य निर्वाचन अधिकारी, दिल्ली को अपनी वेबसाइट पर उन मतदाताओं की पूरी सूची प्रस्तुत करने का निर्देश देता है, जिनको फरवरी, 2015 के दिल्ली विधानसभा चुनाव के बाद हटाया गया है। ऐसे हटाये गये मतदाताओं की सूची की फिजीकल कॉपी तथा डिजीटल कॉपी दिल्ली के सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों को उपलब्ध करवाई जाये।*

*मुख्य निर्वाचन अधिकारी को सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ तत्काल घर–घर सर्वेक्षण करना चाहिए ताकि हटाये गये मतदाताओं की सच्चाई का पता लगाया जा सके। मुख्य निर्वाचन अधिकारी दिल्ली के कार्यालय द्वारा इस प्रक्रिया की विडियोग्राफी करवाई जानी चाहिए। वे मतदाता, जो प्रामाणिक पाये जायें और जिनको गलत ढंग से हटाया गया है, उन्हें नया आवेदन करने की आवश्यकता के बिना या किसी आगामी सत्यापन और नये*

*वोटर कार्ड जारी करने की आवश्यकता के बिना तत्काल वापिस शामिल किया जाये। यह प्रक्रिया इतने तय समय में पूरी कर ली जाये कि प्रामाणिक मतदाता लोकसभा चुनाव, 2019 से पहले सम्बन्धित मतदाता सूचियों में वापिस शामिल किये जा सकें। दिल्ली सरकार को उन सभी हटाये गये मतदाताओं के संबंध में जांच करनी चाहिए जो बाद में प्रामाणिक पाये जाते हैं और दोषी अधिकारियों की जवाबदेही तय की जानी चाहिए तथा इस संबंध में तीन माह की अवधि के दौरान सदन के समक्ष रिपोर्ट प्रस्तुत की जानी चाहिए।''*

श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष ने उपरोक्त संकल्प में संशोधन प्रस्तुत किये।

श्री सोमनाथ भारती ने भी चर्चा में भाग लिया।

**श्री इमरान हुसैन, माननीय निर्वाचन मंत्री** ने चर्चा का उत्तर दिया।

श्री विजेन्द्र गुप्ता, माननीय नेता प्रतिपक्ष द्वारा दिये गये संशोधन मतदान के लिए रखे गये और अस्वीकार हुये।

श्री सौरभ भारद्वाज द्वारा प्रस्तुत संकल्प मतदान के लिए रखा गया और ध्वनिमत से स्वीकार हुआ।

**4.** 4.20 बजे **श्री सत्येन्द्र जैन, माननीय गृह मंत्री** ने सदन को सूचित किया कि चुनाव से संबंधित उन पर थोपे गये एक झूठे केस में उन्हें बरी कर दिया गया है।

**5.** 4.21 बजे अध्यक्ष महोदय ने सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग के लिए मुख्यमंत्री, उप मुख्यमंत्री, नेता प्रतिपक्ष, सदन के सभी सदस्यों तथा अन्य अधिकारियों/संस्थाओं का आभार व्यक्त किया।

**6.** 4.23 बजे *राष्ट्र गान : जन–गण–मन*

**सदन अनिश्चितकाल तक के लिए स्थगित हुआ।**

**दिल्ली**
**27 नवम्बर, 2018**

**सी. वेलमुरूगन**
**सचिव**